


# ऐनाबेल सदरलैंड के शतक से ऑस्ट्रेलिया को 125 रनों की बढ़त

## 48 वें ओवर में दीप्ति ने एलिस को पगबाधा किया आउट

**पर्थ, 07 मार्च. ऐनाबेल सदरलैंड ( 129 ) और एलिस पेरी ( 76 ) की शानदार पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने एकमात्र टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को भारत के खिलाफ पहली पारी में 323 रन बनाकर 125 रनों की महत्वूपर्ण बढ़त हासिल कर ली.**

आज यहां ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने कल के तीन विकेट पर 96 रन से आगे खेलना शुरु किया. सुबह के सत्र में भारतीय गेंदबाजों को विकेट से अधिक मदद नहीं मिली. 48वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने एलिस पेरी को पगबाधा आउट कर भारत को चौथी सफलता दिलाई. एलिस पेरी ने 116 गेंदों में 10 चौके और एक छक्का लगाते हुए 76 रन बनाये. इसके बाद 63वें ओवर में स्नेह राणा ने बेथ मूनी को आउट किया. अगले ही ओवर में क्रांति गौड़ ने एश्ले गार्डनर का शिकार कर लिया. 73वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने ऐनाबेल सदरलैंड को आउटकर भारत को सातवीं सफलता दिलाई. ऐनाबेल सदरलैंड ने 171 गेंदों में 17 चौके लगाते हुए 129 रनों की पारी खेली. तालिया मैक्ग्रा (13), अलाना किंग (21) रन बनाकर आउट हुई. 91वें ओवर की चौथी गेंद पर सायली सातघरे ने लूसी हैमिल्टन को आउट कर 323 के स्कोर पर ऑस्ट्रेलिया की पारी का अंत किया.

झ ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी के आधार पर 125 रनों की बढ़त हासिल हुई.

भारतीय महिला टीम के लिए सायली सातघरे ने चार विकेट लिये. क्रांति गौड़ और दीप्ति शर्मा को दो-दो विकेट मिले. स्नेह राणा और शेफाली वर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया.

भारतीय टीम ने पहली पारी में 198 रन बनाये थे.

# उरुग्वे के खिलाफ जीत से अभियान शुरू करना चाहेगा भारत

## एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप क्वालिफायर 2026 आज से

**हैदराबाद, 07 मार्च ( वार्ता ) भारतीय महिला हॉकी टीम रविवार से शुरू होने वाले एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप क्वालिफायर 2026 में उरुग्वे के खिलाफ अपने शुरुआती मुकाबले में जीत के साथ एफआईएच हॉकी महिला विश्वकप 2026 में अपनी जगह पक्की करने के लक्ष्य को लेकर उतरेगी.**




इस टूर्नामेंट में आठ टीमें मेजबान भारत, इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरुग्वे, वेल्स और ऑस्ट्रिया क्वालिफिकेशन चरण में प्रतिस्पर्धा करेंगी. टूर्नामेंट को चार टीमों के दो पूल में बांटा गया है. पूल ए में इंग्लैंड, कोरिया, इटली और ऑस्ट्रिया हैं, जबकि मेजबान भारत, स्कॉटलैंड, उरुग्वे और वेल्स पूल बी में हैं. जिसमें हर पूल से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी. दोनों सेमीफाइनल और कांस्य पदक मैच के विजेता वर्ल्ड कप के लिए ऑटोमैटिक क्वालिफिकेशन हासिल करेंगे. इसके अलावा, हैदराबाद में चौथे स्थान पर रहने वाली दुनिया की सबसे ऊंची रैंक वाली टीम को भी टूर्नामेंट में जगह मिलेगी.

टीम हाल ही में नियुक्त मुख्य कोच शोर्ड मारिन के दिशा निर्देश में भी खेलेगी. भारत अभी दुनिया में नौवें स्थान पर है और इंग्लैंड के बाद टूर्नामेंट में दूसरी सबसे ऊंची रैंक वाली टीम है, जो दुनिया भर में सातवें स्थान पर है. एक मजबूत टीम और घर पर खेलने के फायदे के साथ, मेजबान टीम इस मौके का पूरा फायदा उठाने और वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफिकेशन पक्का करने के लिए दृढ़ संकल्पित होगी. टूर्नामेंट से पहले, भारतीय टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने कहा, 'हम अपने फैंस के सामने घर पर क्वालिफायर खेलने के लिए बहुत उत्साहित हैं.

> टीम इस टूर्नामेंट के लिए बहुत मेहनत कर रही है क्योंकि हम जानते हैं कि क्या दांव पर लगा है. यहां हर टीम विश्व कप में जगह बनाने के लिए मुकाबला कर रही है, इसलिए हमें शुरू से ही कड़े मैचों की उम्मीद है. हैदराबाद में खेलना हमारे लिए बहुत खास होगा. होम क्राउड का सपोर्ट हमें हमेशा एक्स्ट्रा मोटिवेशन देता है. हमारा फोकस एक बार में एक मैच पर है, डिसिप्लिन में रहना है, और अपना सर्वश्रेष्ठ देना है ताकि हम अच्छा परफॉर्मेंस दे सकें और वर्ल्ड कप में अपनी जगह पक्की कर सकें.

# भारत की नजरें जीत पर

## टी-20 विश्वकप कप फाइनल आज

## अहमदाबाद में दोनों टीमें भिड़ेंगी




अहमदाबाद, 07 मार्च. जब भारत आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप कप 2026 के फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ उतरेगा, तो यह केवल क्रिकेट का एक और मैच नहीं होगा. मैच में भारत की नजरें जीत पर होगी, वहीं न्यूजीलैंड इतिहास रचना चाहेगा.

भारतीय टीम ने इंग्लैंड की क्रिकेट टीम के खिलाफ सेमीफाइनल में केवल जीत ही नहीं हासिल की उन्होंने तूफानी बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए सात विकेट पर 253 रन का विशाल स्कोर किया, जिसमें संजू सैमसन ने अपनी जिंदगी की सबसे बड़ी पारी खेली केवल 42 गेंदों पर 89 रन, जो जबरदस्त स्ट्रोकप्ले और निडर इरादे से भरे थे. मध्यम क्रम में ईशान किशन, शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या और तिलक वर्मा ने दबाव बनाया, जिससे सेमीफाइनल रनों का पहाड़ बन गया. इंग्लैंड ने जैकब बेथेल के शानदार शतक की मदद से वापसी की, लेकिन भारत ने आखिरी दम तक हिम्मत नहीं हारी और जीत हासिल की. और यही एक चैंपियनशिप की पहचान है. लेकिन अगर भारत तेजी से आया है, तो न्यूजीलैंड ने पहले सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका की क्रिकेट टीम के खिलाफ, ऐसा चेज किया जिसने पूरे टूर्नामेंट में तहलका मचा दिया. स्कोर बोर्ड पर 169 रन थे.फिन एलन ने गेम को हाइलाइट रील बना दिया. केवल 33 गेंदों पर हैरान कर देने वाले 100 रन प्योर पावर, क्लीन स्ट्राइकिंग, निडर क्रिकेट. उनके साथ, टिम सीफर्ट ने 58 रन बनाकर टेम्पो को तेज रखा, जिससे न्यूजीलैंड ने 13वें ओवर में नौ विकेट बाकी रहते हुए जीत हासिल कर ली.भारत की जबरदस्त बैटिंग लाइनअप, जिसकी अगुआई ईशान किशन कर रहे हैं टीम के टॉप स्कोरर 263 रन शुरू में ही अपनी छाप छोड़ने की कोशिश करेंगे. उनके मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती, जिन्होंने टूर्नामेंट में पहले ही 13 विकेट ले लिए हैं, पूरे अभियान में एक अहम हथियार रहे हैं. झवहीं न्यूजीलैंड के लिए, एलन के 289 रन उनके अभियान की धड़कन रहे हैं, जबकि रचिन रवींद्र के 11 विकेट ने चुपचाप उनके अटैक में बैलेंस बना दिया है.

> इस तरह के कंसिस्टेंसी की वजह से थिंक टैंक रिंकू सिंह को लाने के लिए ललचा सकता है, जो एक जाने-माने फिनिशर हैं और डेथ ओवर्स में तेजी से रन बनाने में काबिल हैं. रिंकू ने 45 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में 39.12 के एवरेज और 155.74 के स्ट्राइक रेट से 665 रन बनाए हैं, और मैच जिताने वाले कैमियो के लिए उनकी रेप्युटेशन जिसमें आईपीएल में एक ओवर में पांच छक्के लगाना भी शामिल है. न्यूजीलैंड के पेस अटैक के खिलाफ भारत के मध्यम क्रम को मजबूत कर सकती है. एक और मुमकिन बदलाव स्पिन विभाग में हो सकता है. वरुण चक्रवर्ती, भारत के विकेट चार्ट में सबसे आगे रहने के बावजूद, टूर्नामेंट के आखिरी स्टेज में कंट्रोल के लिए स्ट्रगल करते रहे हैं और सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 64 रन देकर मुश्किल प्रदर्शन किया था. इससे कुलदीप यादव के लिए दरवाजा खुल सकता है, जिनका अंतरराष्ट्रीय टी-20 में रिकॉर्ड 54 मैचों में 6.95 के शानदार इकॉनमी रेट के साथ 95 विकेट है.

# वियान द. अफ्रीका की टी-20 टीम में शामिल



प्रिटोरिया. दक्षिण अफ्रीका और डॉल्फिंस के ऑलराउंडर ईथन बॉश मांसपेशियों में खिंचाव के कारण न्यूजीलैंड में होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। 15 मार्च से शुरू होने वाली इस सीरीज के लिए 15 लोगों की टीम में उनकी जगह ऑलराउंडर वियान मुल्डर को शामिल किया गया है. बॉश ने दक्षिण अफ्रीका के लिए सिर्फ एक मैच खेला है. एक साल पहले एक एकदिवसीय और वह अपना अंतरराष्ट्रीय टी-20 में पदार्पण करने वाले थे. वहीं, मुल्डर ने 11 अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैच खेले हैं और आखिरी बार सितंबर 2024 में आयरलैंड के खिलाफ खेला था. दक्षिण अफ्रीका के लिए उनका आखिरी मैच पिछले साल भारत में एक टेस्ट मैच था. अभी दक्षिण अफ्रीका में मौजूद टीम के सदस्य आठ मार्च को न्यूजीलैंड के लिए प्रस्थान करेंगे, जबकि शेष टीम के सदस्य और मैनेजमेंट जो टी-20 विश्व कप से बाहर होने के बाद अभी कोलकाता में हैं वे उसी दिन सीधे न्यूजीलैंड जाएंगे. केशव महाराज टी-20 सीरीज में टीम की कप्तानी करेंगे. पांच मैचों की सीरीज का पहला मैच जो माउंट माउंगानुई ( 15 मार्च), हैमिल्टन ( 17 मार्च), ऑकलैंड ( 20 मार्च), वेलिंगटन ( 22 मार्च) और क्राइस्टचर्च ( 25 मार्च) में होगा. न्यूजीलैंड में होने वाली टी-20 सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम इस प्रकार है :- केशव महाराज ( कप्तान), ओटनील बार्टमैन, वियान मुल्डर, गेराल्ड कोएत्जी, टोनी डी जॉर्जी, कॉनर एस्टरहुइजन, डियान फॉरेस्टर, जॉर्डन हरमन, रुबिन हरमन, जॉर्ज लिंडे, नकोबानी मोकोएना, एंडिले सिमेलेन, लूथो सिपामला, प्रेनेलन सुब्रायन और जेसन स्मिथ.

# शिवलोचक एफआईएच इंटरनेशनल पैनल में शामिल



जालंधर. पंजाब में जालंधर के शिवलोचक दीप ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के 'इंटरनेशनल पैनल' में पदोन्नत होकर बड़ी उपलब्धि हासिल की है. वर्तमान में चंडीगढ़ स्थित प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) हरियाणा कार्यालय में सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत शिवलोचक का खेल के प्रति समर्पण अद्वितीय रहा है. शिवलोचक ने एशिया कप 2025 (राजगीर), जूनियर एशिया कप 2024 (मस्कट), सुल्तान ऑफ जोहोर कप (मलेशिया) और एफआईएच प्रो लीग जैसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में अपनी सेवाएं दी हैं, वहीं राष्ट्रीय स्तर पर, उन्होंने उत्तराखंड नेशनल गेम्स 2025 में 'टेक्निकल डेलीगेट' की जिम्मेदारी निभाई और हॉकी इंडिया लीग सहित झांसी, लखनऊ और बैंगलोर में सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में भी अहम भूमिका अदा की.


**Chola** Enter a better life

**चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फ़ायनांस कम्पनी लिमिटेड**
कॉरपोरेट कार्यालय: ''चोला क्रेस्ट'', सी54 & 55, सुपर बी-4, थिरु वी का औद्योगिक एस्टेट, गिण्डी, चेन्नई - 600032

**अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, जो प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के साथ पठित है (नियम 8 एवं 9), के अंतर्गत अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना।**

सामान्य जनता को तथा विशेष रूप से उधारकर्ता / सह-उधारकर्ता / बंधककर्ता(ओं) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियाँ, जो सुरक्षित लेनदार को बंधक की गई हैं एवं जिनका **भौतिक कब्जा चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका है, जिसे इसके पश्चात चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के रूप में संदर्भित किया जाएगा, को ई-नीलामी के माध्यम से **''जैसा है जहाँ है'', ''जैसा है वैसा है'' एवं ''जो भी है''** के आधार पर विक्रय किया जाएगा।
सामान्य जनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि हम इस सार्वजनिक ई-नीलामी का आयोजन वेबसाइट : **https://bankauctions.in/** के माध्यम से करने जा रहे हैं।

| खाता संख्या एवं उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता, बंधककर्ताओं के नाम | माँग सूचना दिनांक एवं बकाया राशि | अचल संपत्ति (सुरक्षित आस्ति) का विवरण | आरक्षित मूल्य/ईएमडी / बोली वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|
| ऋण खाता सं. **TL01IND00000039071**<br>**1. मे. अथर्व प्रीमियम ग्रेन्स प्राइवेट लिमिटेड, (उधारकर्ता)** संख्या 18, कृषि उपज मंडी, संख्या 02, मक्सी रोड, देवास, मध्य प्रदेश - 455001.<br>**2. श्री ओमप्रकाश अग्रवाल, (सह-उधारकर्ता)**<br>**3. श्री आशीष अग्रवाल, (सह-उधारकर्ता)**<br>**क्र.सं. 2 एवं 3 का निवास :** संख्या 102, मधुबन कॉलोनी, पेट्रोल पंप के पीछे, देवास, मध्य प्रदेश - 455001.<br>**4. श्री हरीश अग्रवाल, (सह-उधारकर्ता)** संख्या 158, मधुबन कॉलोनी, मनोज किराना के पास, देवास, मध्य प्रदेश - 455 001. | **12.12.2023 रु.2,99,02,590/- आगामी ब्याज, प्रभार एवं लागत सहित।** | परिवर्तित वाणिज्यिक भूमि के सभी हिस्से और अंश, जिसका क्षेत्रफल 0.6300 हेक्टेयर (6300 वर्ग मीटर) है, जो सर्वेक्षण संख्या 112/2/2 में, ग्राम : दुर्गापुरा, तहसील एवं जिला देवास में स्थित है, जिसकी चतुर्सीमाएँ निम्नानुसार हैं : उत्तर : रमेश कुमावत की भूमि, दक्षिण : रमेश कुमावत की भूमि, पूर्व : आकाश पटेल की भूमि, पश्चिम : प्रधानमंत्री मार्ग। | **रु.2,60,00,000/-**<br>**रु.26,00,000/-**<br>**रु.1,00,000/-** |

**ई-नीलामी दिनांक एवं समय : 26.03.2026 - प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक (प्रत्येक 3 मिनट के असीमित विस्तार सहित)**
**ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : 25.03.2026, संपत्ति निरीक्षण दिनांक : पूर्व-निर्धारित समय के अनुसार**

1. सभी इच्छुक प्रतिभागियों/बोलीकर्ताओं से अनुरोध है कि वे वेबसाइट : **https://bankauctions.in/** एवं **https://www.cholamandalam.com/auction-notices** पर विजिट करें। ई-नीलामी के विवरणों, सहायता, प्रक्रिया एवं ऑनलाइन प्रशिक्षण हेतु संभावित बोलीकर्ता यहाँ संपर्क कर सकते हैं : **श्री मुहम्मद रहीस - 8124000030/6374845616, Ms.4 Closure.; सुश्री रेखा - 8142000062, ईमेल: CholaAuctionLAP@chola.murugappa.com**
2. नियमों व शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया **https://bankauctions.in** पर, एवं ई-नीलामी में भाग लेने के लिए **www.cholamandalam.com/news/auction-notices** पर विज़िट करें।

**यह प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1), नियम 8 एवं 9 के अंतर्गत वैधानिक 15 दिवसीय विक्रय सूचना भी है।**

**दिनांक: 08.03.2026**
**स्थान: मध्य प्रदेश**
**अधिकृत अधिकारी**
**चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फ़ायनांस कम्पनी लिमिटेड**



यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking

**क्षेत्रीय कार्यालय :**
12/12, जीवन प्रदीप भवन,
अनूप नगर, इन्दौर-452001 (म.प्र.)

**परिशिष्ट IV-ए [ नियम 8(6) एवं 9(1) देखे ]**
**अचल संम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

संपत्ति विवरण हेतु QR कोड स्कैन करें।

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना**

आम लोगों को और विशेष रुप से ऋणीओं, जमानतदारों एवं बंधककर्ताओं को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित हैं। जिनका प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **भौतिक /सांकेतिक आधिपत्य** ले लिया गया है, उन्हें ''जहां है जैसा है'' और '' जो कुछ भी है'' के आधार पर **25-03-2026, बुधवार को दोप. 12.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक** ई-नीलामी की जाना है। आरक्षित मूल्य एवं अग्रिम जमा राशि का उल्लेख नीचे किया गया है।

| क्र. | ऋणी एवं जमानतदार का नाम | संपत्ति का विवरण | वसूल की जाने वाली राशि (खर्चो को छोड़कर) | आरक्षित मूल्य / ईएमडी / बोली वृद्धि राशी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **1) श्रीमती अल्का अग्रवाल पति मुकेश अग्रवाल** (ऋणी) **2) श्री मुकेश अग्रवाल पिता रमेश चन्द्र अग्रवाल** (सह-आवेदक) **शाखा- UMFB** इंदौर | **संपति नं. 1 :** आईडीए स्कीम नंबर 47 इंदौर म.प्र. में प्लॉट नंबर 94 पर बनी बहुमंजिला भवन (गोल्डन टॉवर, सपना संगीता मैन रोड) की पहली मंज़िल पर आवासीय फ्लैट नंबर 5 का संपूर्ण भाग, जिसका क्षेत्रफल 462 वर्ग फुट है। **चर्तुसीमा (विक्रय विलेख के अनुसार):** दक्षिण-पूर्व : बिल्डिंग का एमओएस, उत्तर-पश्चिम: बिल्डिंग का कॉमन पैसेज, उत्तर-पूर्व : बिल्डिंग का एमओएस, दक्षिण-पश्चिम: अन्य फ्लेट. **चर्तुसीमा (लोकेशन के अनुसार):** दक्षिण-पूर्व : ओटीएस/प्लॉट नंबर 101, उत्तर-पश्चिम: बिल्डिंग कॉरिडोर, उत्तर-पूर्व : ओटीएस/प्लॉट नंबर 93, दक्षिण-पश्चिम: फ्लैट नंबर 04 **(भौतिक आधिपत्य)** | **Rs. 12,42,371.39 as on 15.09.2025** | **Rs.30,65,000/-**<br>**Rs.3,06,500/-**<br>**Rs.30,650/-** |
| 2 | **लवीना खूबचंदानी पति विजय खूबचंदानी** (ऋणी), **आयुष ओझा पिता असीम ओझा** (सह-आवेदक) **शाखा**- छावनी मेन इंदौर | **संपत्ति नं. 1 :** शारदा भवन की पहली मंजिल पर फ्लेट नंबर 103, प्लॉट नंबर 101, सिद्धिपुरम कॉलोनी पर स्थित, ग्राम तेजपुर गरबारी, तहसील व जिला इंदौर (म.प्र.), सुपर बिल्टअप एरिया 550 वर्ग फीट, **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - प्लॉट नंबर 102, पश्चिम - सामान्य मार्ग एवं सीढ़ी, उत्तर - फ्लेट नंबर 101, दक्षिण - फ्लेट नंबर 102 **(सांकेतिक आधिपत्य)** | **Rs. 11,04,458.57 as on 21-07-2025** | **Rs.11,05,000/-**<br>**Rs.1,10,500/-**<br>**Rs.11,050/-** |

**ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथी :** नीलामी के अंतिम समय से पहले ईएमडी जमा कर ईएमडी राशि को संपत्ति आईडी के साथ लिंक/मैप करना होगा। यह सूचित किया जाता है कि किसी भी तकनीकी गड़बड़ी से बचने के लिए ईएमडी राशि को पहले ही जमा कर दें एवं संपत्ति आईडी के साथ लिंक/मैप कर दें।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट अर्थात **(www.unionbankofindia.co.in)** पर दिए गए लिंक **"https://baanknet.com"** का संदर्भ लें एवं सेवा प्रदाता **पीएसबी एलायंस की वेबसाइट 'https://baanknet.com'** पर जाएं। रजिस्ट्रेशन संबंधित जानकारी हेतु ई-मेल करें **support.BAANKNET@psballiance.com** उक्त तालिका में दिया गया सुरक्षित सम्पत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार प्रदान किया गया है और इसमें किसी भी प्रकार की गलती, त्रुटी या भूल के लिए प्रधिकृत अधिकारी उत्तरदायी नहीं रहेगा। सफल बोलीकर्ता को सफल बोली राशि कि 25% राशि सम्पत्ति की नीलामी के अगले कार्य दिवस तक की समय अवधि में जमा करनी होगी, शेष 75% राशि नीलामी समाप्ति से 15 दिन में जमा करनी होगी अन्यथा उनके द्वारा जमा की गई राशि/राशियाँ जब्त कर ली जाएंगी और विक्रय की गई संपत्ति के प्रति चूककर्ता क्रेता के सभी अधिकार समाप्त हो जाएंगे और बैंक उस सम्पत्ति को पुनः विक्रय करने के लिए स्वतंत्र रहेगा। उक्त नीलामी **https://baanknet.com** के माध्यम से कि जाएगी अतः इच्छुक बोलीकर्ता को अपना पंजीयन अपने मोबाईल नं. तथा ईमेल आइडी का प्रयोग करते हुए करना होगा। प्राधिकृत अधिकारी उच्चतम प्रस्ताव को स्वीकार करने हेतु बाध्य नही है किसी भी प्रस्ताव को स्वीकार या अस्वीकार करने/स्थगित करने या ई-नीलामी को बिना किसी कारण बताये रद्द करने का प्रधिकृत अधिकारी को पूर्ण अधिकार है।

**नोट:** कृपया इस नीलामी से संबंधित किसी भी प्रकार के भार, न्यायालय आदेश या अन्य विवरण के लिए हमारे बैंक की वेबसाइट एवं बैंकनेट पोर्टल देखें।

**स्थान : इन्दौर**
**दिनांक : 08.03.2026**
**ह/- प्राधिकृत अधिकारी**
**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया**

**प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के अंतर्गत 15 दिवस विक्रय हेतु वैधानिक सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के अंतर्गत ऋणियों एवं जमानतदारों को ऊपर लिखी गयी तिथि पर ई-नीलामी करने की सूचना के रुप में समझा जाएगा।


## कार्यालय कलेक्टर, जिला-खरगोन (म.प्र.)

**राजस्व प्रकरण क्रमांक 0027/अ-82/2025-26**
**क्रमांक/346/भू-अर्जन/2026** **खरगोन, दिनांक : 02.03.2026**

### प्रारम्भिक अधिसूचना

**भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (क्र. 30 सन् 2013) अंतर्गत धारा 11**

चूँकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि नीचे दी गई अनुसूची क्रमांक (1) में बड़वाह-धामनोद राज्य राजमार्ग क्र.-36 लंबाई 62.80 कि.मी. 4 लेन मय पेव्हड शोल्डर निर्माण के लिए भू-अधिग्रहण हेतु प्रस्तावित वर्णित भूमि जिसका सर्वे क्रमांकवार का विवरण अनुसूची (2) में उल्लेखित है। निम्न वर्णित अनुसूची (2) के खाने (1) से (5) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है। अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा-11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि कोई भी व्यक्ति इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इस अधिनियम के अधीन कार्यवाहियों के पूरा हो जाने तक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई संव्यवहार नहीं करेगा, या कोई संव्यवहार नहीं कराएगा अथवा ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इस अध्याय के अधीन कार्यवाहियों के पूरा हो जाने के समय उस भूमि पर कोई विलंगम सृजित नहीं करेगा। राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (4) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के सम्बंध में धारा-12 द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने हेतु प्राधिकृत करता है।

यह कार्य बड़वाह-धामनोद राज्य राजमार्ग क्र.-36 लंबाई 62.80 कि.मी. 4 लेन मय पेव्हड शोल्डर निर्माण के लिए है, जो मध्यप्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग मंत्रालय, भोपाल से स्वीकृत है। अधिनियम की धारा 4 के अंतर्गत सामाजिक समाघात निर्धारण किया गया, जिसका मूल्यांकन भू-अर्जन अधिनियम की धारा 7 के तहत विशेषज्ञ समूह द्वारा कराया गया, विशेषज्ञ समूह द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि उक्त परियोजना का निर्माण होने से स्थानीय क्षेत्र का विकास होगा, यह परियोजना क्षेत्रीय विकास के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। परियोजना निर्माण से क्षेत्र का आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा जो कि लोकहित में है। साथ ही समूह द्वारा परियोजना में किसी भी परिवार का विस्थापित नहीं होना प्रतिवेदित किया गया है जिससे अधिनियम की धारा 43 के तहत प्रशासक की नियुक्ति आवश्यक नहीं है।

**अनुसूची (1)**

| विवरण | अर्जित की जाने वाली भूमि का कुल क्षेत्रफल (हेक्टर में) |
|---|---|
| बड़वाह-धामनोद राज्य राजमार्ग क्र.-36 लंबाई 62.80 कि.मी. 4 लेन मय पेव्हड शोल्डर निर्माण हेतु | निजी भूमि 10.8562 हेक्टर<br>शासकीय भूमि 0.9589 हेक्टर |
| **योग :-** | **11.8151 हेक्टर** |

**अनुसूची (2)**

**(1) भूमि का विवरण**
(क) जिला : खरगोन
(ख) तहसील : महेश्वर
(ग) ग्राम : **राजपुरा**
(घ) निजी भूमि का अर्जित कुल क्षेत्रफल : 10.8562 हेक्टेयर

| क्र. सं. | सर्वेक्षण संख्या | अर्जित रकबा (हे.में) | धारा 12 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 6 | 0.0286 | संभागीय प्रबंधक म.प्र सड़क विकास निगम लि. इन्दौर (म.प्र) | बड़वाह-धामनोद राज्य राजमार्ग क्र.-36 लंबाई 62.80 कि.मी. 4 लेन मय पेव्हड शोल्डर |
| 2. | 5/1/1 | 0.0097 | | |
| 3. | 8/1/1/1 | 2.0240 | | |
| 4. | 8/1/1/2 | 0.1474 | | |
| 5. | 8/1/2/1 | 0.4701 | | |
| 6. | 13/1 शामिल 13/2, 13/5 | 0.7531 | | |
| 7. | 38/2 | 1.1364 | | |
| 8. | 38/3 | | | |
| 9. | 39/1 | 0.6038 | | |
| 10. | 43/2 | 0.5646 | | |
| 11. | 50 | 0.0556 | | |
| 12. | 51/2/2 शामिल 52/1/3 | 1.6720 | | |
| 13. | 55/1/1/2/3 | 1.4986 | | |
| 14. | 55/1/1/2/1 | | | |
| 15. | 55/1/2/1/2/2 | | | |
| 16. | 55/1/2/2 | 0.1557 | | |
| 17. | 55/1/3/1/1 | 0.1753 | | |
| 18. | 55/5 | 0.3020 | | |
| 19. | 55/1/3/2 | 0.3956 | | |
| 20. | 55/1/1/2/2 | 0.2432 | | |
| 21. | 23/1/1 | 0.0200 | | |
| 22. | 12/1/1 | 0.6005 | | |
| | **कुल रकबा** | **10.8562** | | |

अधिनियम की धारा-15(1) के अधीन यथा उपबंधित **इस सूचना की तारीख से 60 (साठ) दिनों के भीतर किसी भी इच्छुक व्यक्ति द्वारा भूमि अर्जन के संबंध में कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अनुभाग मण्डलेश्वर के समक्ष** में आक्षेपों यदि कोई हो फाइल किया जा सकेगा। भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अनुभाग मण्डलेश्वर कार्यालय में देखा जा सकता है।

**म.प्र. के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**
**हस्ता./- (भव्या मित्तल)**
**कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव**
**म.प्र. शासन, राजस्व विभाग, जिला खरगोन (म.प्र.)**

म.प्र. माध्यम/124824/2026